सैमसंग इनोवेशन कैंपस का दीक्षांत समारोह, 383 छात्रों को बांटे गए प्रमाण पत्र

लोक भवन मे शुक्रवार को सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा व कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग मे प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी • जागरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। लोक भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से युवाओं को रोजगार दे रही है। छह वर्ष में 5.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई और 1.75 करोड़ युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलाजी के प्रयोग से सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब लाभार्थियों के खाते में सीधे रकम पहुंचती है। दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। 20 लाख युवाओं को वितरित किए जा चुके हैं और इस बार बजट में 3,600 करोड़ रुपये इसके लिए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि युवा डिजिटल के बाद अब लाजिस्टिक क्रांति के लिए तैयार रहें।

कार्यक्रम में सैमसंग इंडिया व साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। यहां हम युवाओं के हाथ टेक्नोलाजी से मजबूत करने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने भी विचार व्यक्त किए।

सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के ट्रेनिंग प्रोग्राम सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत लवि के कुल 383 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दस विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर प्रमाणपत्र दिया और बाकी को कार्यक्रम के बाद प्रमाणपत्र दिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दिल्ली से मेरठ तक चलाई जाने वाली रैपिड रेल के पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। अगले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उद्घाटन लिए समय मांगा गया है।